1944

CIRCULAR

No.26/4/NCST/2018-Estt.
भारत सरकार
Government of India
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
छँठी तल, लोक नायक भवन
6th Floor, B Wing, Loknayak Bhawan
खान मार्किट, नई दिल्ली
Khan Market, New Delhi-110003
Dated – 9th November, 2018

VACANCY CIRCULAR

Subject: -Filling up one post of Administrative Officer in the National Museum of Natural History (NMNH), New Delhi- regarding.

The undersigned is directed to forward herewith a copy of O.M. No.8-4/2013-NMNH(M) dated 9.10.2018 received from Ministry of Environment, Forest and Climate Change (NMNH Cell), New Delhi for information.

Encs: As above.

DSKumbhare 9.11.2018
(D.S. Kumbhare)
Under Secretary

Copy to:-

1. All Officers/Staff working in NCST, New Delhi.
2. Notice Board, NCST, New Delhi.
3. Incharge, NIC, NCST with request to upload this vacancy circular o the website of the Commission for information.

DSKumbhare 9.11.2018
(D.S. Kumbhare)
Under Secretary

No. 8-4/2013-NMNH(M)
Government of India
Ministry of Environment, Forest and Climate Change
(NMNH Cell)

Indira Paryavaran Bhawan,
3rd Floor, Agni Wing,
Jor Bagh Road, Aliganj,
New Delhi -110003.

Dated: 9 October, 2018

## OFFICE MEMORANDUM

It is proposed to fill up one post of Administrative Officer in the National Museum of Natural History (NMNH), New Delhi Office, a subordinate office under the administrative control of Ministry of Environment and Forest & Climate Change, Government of India on deputation basis in the, Level 10 in the pay matrix Rs.56100-177500 (Group 'A' Gazetted) (pre-revised- PB-3, Rs. 15600-39100 + grade pay of Rs. 5400). The Pay and Allowances of the selected officer will be regulated in accordance with the provisions of the DOP&T's O. M. No. 2/6/2009-Estt. (Pay-ll) dated 25.02.2009 as amended from time to time. The period of deputation will ordinarily be for a period of three years.

2. The eligibility criteria, qualifications, experience etc., required for the post are indicated in **Annexure-I.**

3. Applications in the prescribed proforma **(Annexure-II)** of suitable candidates who are eligible, willing and who can be spared in the event of selection may be sent to Shri N. Thyagarajan, Under Secretary, NMNH Cell, A-311, 3rd Floor, Agni Wing, Indira Paryavaran Bhawan, Ministry of Environment Forest & Climate Change, New Delhi - 110003 within **45** days of publishing of this advertisement in the Employment News along with (i) Photocopies of up-to date ACR dossiers of the officers for last 5 years duly attested by an officer of the level of Under Secretary or equivalent (original ACR's may not be sent), (ii) Cadre Clearance/Vigilance Clearance/Integrity Certificate and (iii) Certificate to the effect that no major or minor penalty has been imposed on the officer during the last 10 years.

4. Applications received late or without the ACRs or which are otherwise found incomplete will not be considered. The applicants will not be permitted to Withdraw their candidature later on.

(N. Thyagarajan)
Under Secretary to the Govt. of India
Ph: 011-24695376

To

1. All Ministries/Departments/State Governments.
2. All Attached/ Subordinate Offices of the Ministries

Annexure-I

Details of the eligibility conditions etc. for the post of Administrative Officer in the National museum of Natural History (NMNH), New Delhi.

1. **Name of the Post:** Administrative Officer

2. **Number of Vacancy:** 01 (one)

3. **Classification of the Post:** General Central Service, Group-A, Gazetted, Ministerial.

4. **Scale of Pay:** Level 10 in the pay matrix Rs.56100-177500 (pre-revised- PB-3, Rs. 15600-39100 + grade pay of Rs. 5400).

5. **Method of recruitment:** Deputation; Period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or Department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. The maximum age limit for appointment by deputation shall be not exceeding 56 years as on the closing date of receipt of applications

6. **Eligibility Conditions:** Officers of the Central Government or State Governments or Union territories: -

**(a)** (i) holding analogous posts on regular basis i.e. at Level 10 in the pay matrix Rs.56100-177500; or

(ii) with two years' service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in level 8 (Rs. 47600-151100) in the pay matrix in the parent Cadre or Department or equivalent; or

(iii) with three years' service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in level 7 (Rs. 44900-142400) in the pay matrix in the parent cadre or Department or equivalent; and

**(b)** possessing the following qualifications and experience, namely: -

(i) Degree from a recognized University; and

(ii) three years' experience in accounts, administration, establishment work in a Government Office or Public Sector undertaking or Autonomous Body or Statutory Body.

Proforma for application for the post of Administrative Officer in the National Museum of Natural history, New Delhi on deputation basis.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name | |
| 2 | Date of Birth | |
| 3 | Date of Superannuation under Central/State Government Rules | |
| 4 | Educational Qualifications | |
| 5 | Eligibility Conditions [(a) (i) or (a) (ii) or (a) (iii) + (b) | |
| (a) - (i) | Officer under Central or State Govts. or UTs, holding analogous posts on regular basis i.e. at Level 10 in the pay matrix (Rs.56100-177500) | |
| (a) - (ii) | Officer under Central or State Govts. or UTs holding a post on regular basis for two years in level 8 (Rs. 47600-151100) | |
| (a) - (iii) | Officer under Central or State Govts. or UTs holding a post on regular basis for three years in level 7 (Rs. 47600-151100) | |
| (b) | Having experience in administration, accounts and establishment work | |
| 6 | Present Post held, date from which held and Pay Band and Grade Pay (Level) | |
| 7 | Experience in the subject field of selection | |
| 8 | Details of services rendered: - | |
| (i) | Name of the Post and Employer | |
| (ii) | Duration (From……to……..) | |
| (iii) | Pay Level/Pay Band/Grade Pay | |
| (iv) | Nature of appointment (regular/ad hoc) | |
| (v) | Nature of duties performed | |
| 9 | Whether belong to SC/ST/OBC | |
| 10 | Other relevant information, if any | |

Name and Signature of the Candidate

Countersigned (Employer)

## Certification by the Employer / Cadre Controlling Authority

The information / details provided in the above application by the applicant are true and correct as per the facts available on records. He / She possesses educational qualifications and experience mentioned in the vacancy Circular. If selected, he / she will be relieved immediately.

2. Also certified that:

    i) There is no vigilance or disciplinary case pending / contemplated against Shri / Smt. / Ms.______________

    ii) His / Her integrity is certified.

    iii) His / Her CR Dossier in original is enclosed / photocopies of the ACRs / APARs for the last 5 years duly attested by an officer of the rant of Under Secretary of the Government of India or above are enclosed.

    i) No minor / major penalty has been imposed on him / her during the last 10 years Or a list of minor / major penalties imposed on him / her during the last 10 years is enclosed (as the case may be).

Countersigned

Employer / Cadre Controlling Authority with Seal

सं. 8-4/2013-एनएमएनएच (एन)

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

(एनएमएनएच प्रकोष्ठ)

इंदिरा पर्यावरण भवन,
तृतीय तल, अग्नि विंग,
जोर बाग रोड, अलीगंज,
नई दिल्ली-110003

दिनांक: 9 अक्टूबर, 2018

**कार्यालय ज्ञापन**

राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय (एनएमएनएच), नई दिल्ली कार्यालय, जोकि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक अधीनस्थ कार्यालय है, में प्रशासनिक अधिकारी के एक पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर वेतन मैट्रिक्स के लेवल 10 अर्थात् 56100-177500 रु. (समूह 'क' राजपत्रित) (संशोधन-पूर्व के पीबी-3, 15600-39100 रु. +ग्रेड वेतन 5400 रु.) में भरने का प्रस्ताव है। चयनित अधिकारी के वेतन और भत्ते कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के समय-समय पर यथासंशोधित दिनांक 25.02.2009 के का.ज्ञा. सं. 2/6/2009-स्था. (वेतन-II) में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार विनियमित होंगे। प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यत: तीन वर्ष होगी।

2. इस पद के लिए अपेक्षित पात्रता के मानदंड, अर्हताएं, अनुभव आदि का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

3. जो उपयुक्त अभ्यर्थी इस पद के लिए पात्र और इच्छुक हों तथा जिन्हें चयनित हो जाने पर कार्यमुक्त किया जा सके, वे अपना आवेदन निर्धारित प्रपत्र **(अनुबंध-II)** में भरकर रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशित होने के 45 दिनों के अंदर श्री एन. त्यागराजन, अवर सचिव, एनएमएनएच प्रकोष्ठ, ए-311, तृतीय तल, अग्नि विंग, इंदिरा पर्यावरण भवन, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली-110003 को प्रेषित करें। आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए जाएं: (i) अधिकारी के गत 5 वर्षों के अद्यतन एसीआर डोजियर की फोटोप्रतियां, जिन्हें अवर सचिव या उसके समकक्ष स्तर के किसी अधिकारी द्वारा विधिवत अभिप्रमाणित किया गया हो (मूल एसीआर न भेजी जाएं) (ii) संवर्ग अनापत्ति/ सतर्कता अनापत्ति/सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र और (iii) इस आशय का प्रमाण-पत्र कि गत 10 वर्षों के दौरान उस अधिकारी पर कोई बड़ी अथवा छोटी शास्ति नही लगाई गई है।

4. निर्धारित तिथि के बाद या बिना एसीआर के भेजे गए या अन्य दृष्टियों से अपूर्ण पाए गए आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा। अभ्यर्थियों को चयन के उपरांत अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

एन. त्यागराजन

**(एन. त्यागराजन)**

अवर सचिव, भारत सरकार

दूरभाष: 011-24695376

सेवा में

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/ विभाग/ राज्य सरकारें।
2. मंत्रालय के सभी संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय।

## नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन

आवेदक द्वारा उपर्युक्त आवेदन में दी गई सूचना/विवरण, रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही हैं। इनके पास रिक्ति परिपत्र में वर्णित शैक्षिक योग्यता और अनुभव है। इनका चयन होने पर इन्हें शीघ्र कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि :

i) श्री/श्रीमती/सुश्री____________________के विरूद्ध कोई सतर्कता अथवा अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

ii) इनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है।

iii) इनकी गोपनीय रिपोर्ट डोज़ियर मूल रूप में संलग्न है/पिछले 5 वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों/वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्टों की भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत् अभिप्रमाणित प्रतिलिपियां संलग्न हैं।

iv) गत 10 वर्षों के दौरान इन पर कोई छोटी/बड़ी शास्ति नहीं लगाई गई है अथवा गत 10 वर्षों के दौरान इन पर लगाई गई छोटी/बड़ी शास्तियों की सूची संलग्न है (जैसा भी मामला हो)।

प्रतिहस्ताक्षर

नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी (मोहर सहित)

राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय (एनएमएनएच) नई दिल्ली में प्रशासनिक अधिकारी के पद के लिए पात्रता शर्तों आदि का ब्यौरा

1. **पद का नाम** : प्रशासनिक अधिकारी

2. **रिक्ति की संख्या** : 01 (एक)

3. **पद की श्रेणी:** सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह-क, राजपत्रित, मंत्रालयीन

4. **पद का वेतनमान** : वेतन मैट्रिक्स में लेवल 10 अर्थात् 56100 रूपये-177500 रूपये (पूर्व संशोधित-पीबी-3, रूपये 15600-39100+5400 रूपये का ग्रेड वेतन)

5. **भर्ती की पद्धति:** प्रतिनियुक्ति; उसी अथवा किसी अन्य संगठन अथवा केन्द्रीय सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पहले अन्य संवर्ग-बाह्य धारित पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया तीन वर्षों से अधिक की नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा की जाने वाली नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन पत्रों की प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

6. **पात्रता शर्ते** : केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ शासित प्रदेशों के अधिकारी:-

(क) (i) वेतन मैट्रिक्स के लेवल 10 अर्थात् 56,100-177500 रूपये में नियमित आधार पर सदृश्य पद धारित किया गया हो अथवा

(ii) मूल संवर्ग अथवा विभाग अथवा समकक्ष कार्यालय में वेतन मैट्रिक्स में लेवल 8 (47600-151100 रूपये) में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में दो वर्ष की सेवा की हो; अथवा

(iii) मूल संवर्ग अथवा विभाग अथवा समकक्ष कार्यालय में वेतन मैट्रिक्स में लेवल 7 (44900-142400 रूपये) में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में तीन वर्ष की सेवा की हो; और

(ख) निम्नलिखित अर्हताएं और अनुभव प्राप्त हो, अर्थात् :-

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त हो; और

(ii) किसी सरकारी कार्यालय अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा स्वायत्तशासी निकाय अथवा सांविधिक निकाय में लेखा, प्रशासन, स्थापना कार्य में तीन वर्षों का अनुभव प्राप्त किया हो।

अनुबंध-II

राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति आधार पर प्रशासनिक अधिकारी के पद के लिए आवेदन हेतु प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम | |
| 2 | जन्म तिथि | |
| 3 | केन्द्रीय/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| 4 | शैक्षिक अर्हता | |
| 5 | पात्रता शर्तें [(क) (i) अथवा (क) (ii) अथवा (क) (iii)+ (ख)] | |
| क- (i) | केन्द्रीय अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ शासित प्रदेशों के अंतर्गत वेतन मैट्रिक्स में लेवल 10 (56100-177500 रूपये) पर नियमित आधार पर सदृश्य पद धारण किए गए अधिकारी | |
| क- (ii) | केन्द्रीय अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ शासित प्रदेशों के अंतर्गत लेवल 8 (47600-151100 रूपये) में दो वर्षों के लिए नियमित आधार पर पद धारण किए गए अधिकारी | |
| क- (iii) | केन्द्रीय अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ शासित प्रदेशों के अंतर्गत लेवल 7 (47600-151100 रूपये) में तीन वर्षों के लिए नियमित आधार पर पद धारण किए गए अधिकारी | |
| (ख) | प्रशासन, लेखा और स्थापना कार्य का अनुभव | |
| 6 | धारित वर्तमान पद, किस तिथि से पद धारित किया गया है और पे बैंड और ग्रेड वेतन (लेवल) | |
| 7 | चयन के विषय वस्तु के क्षेत्र में अनुभव | |
| 8 | की गई सेवा का ब्यौरा :- | |
| (i) | पद और नियोक्ता का नाम | |
| (ii) | अवधि (...........से .............तक) | |
| (iii) | पे लेवल /पे बैंड/ग्रेड पे | |
| (iv) | नियुक्ति की प्रकृति (नियमित/तदर्थ आधार पर) | |
| (v) | किए गए कर्तव्यों की प्रकृति | |
| 9 | क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी से संबंधित है | |
| 10 | अन्य संगत सूचना, यदि कोई है | |

अभ्यर्थी का नाम और हस्ताक्षर

प्रतिहस्ताक्षर (नियोक्ता)